Drashti Sagar

Date: 27/11/2021

आईटीएस डेंटल कॉलेज में इम्पोर्टेन्स ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स इन डेंटिस्ट्री पर कार्यशाला का आयोजन

दृष्टि सागर संवाददाता

गाजियाबाद। आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के कुशल नेतृत्व में आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर के पीडीऐट्रिक एण्ड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा शुक्रवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसकाविषय इम्पोर्टेन्स ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स इन डेंटिस्ट्री था। कार्यशाला का शुभारंभ वक्ताओं के द्वारा पेटेंट रजिस्ट्रेशन और इसकी प्रक्रिया के बारे में ज्ञानवर्धक लेक्चर की श्रृंखला के साथ हुईजिसमें प्रसिद्ध वक्ता गोविंद शर्मा, पूर्व प्रमुख, नेशनल रिसर्च डेवलपमेंट कारपोरेशन नई दिल्ली, पूजा कुमार, रजीस्र्टड पेटेंट एजेंट, गर्वनमेंट ऑफ इंडिया, फाउंडर एंड डायरेक्टर, इंनोव इंटेलेक्चुअल एल एलपी एवं सौम्या कौशिक, हैंडलिंग प्रोजेक्ट रिलेटेड टू पेटेंटफिलिंग थे। पेटेंट रजिस्ट्रेशन और इसकी प्रक्रिया के बारे में सभी प्रतिभागियों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी गयी। वक्ता श्री गोविंद शर्मा नेआई०पी०आर० और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर विषय पर लेक्चर प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने सभी को इस विषय से संबन्धित जानकारी दी इसके साथ ही श्रीमती पूजा कुमार ने भारत में फाइलिंग प्रक्रिया जैसी विषय पर ज्ञानवर्धक लेक्चर दिया जिसमें उन्होंने बताया कि कैसेहम भारत में पेटेंट करने के लिये फाइलिंग कर सकते है। तीसरे वक्ता श्रीमती सोम्या कौशिक ने पेटेंट के लिये प्रक्रियाओं की खोज औरप्रारूपण के बारे में जानकारी पूर्ण लेक्चर प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बताया कि कैसे पेटेंट के लिए हम ड्राफ्टिंगकर सकते है तथा उसकी प्रक्रियाओं से भी अवगत कराया।

HINT MEDIA

Date: 27/11/2021

आईटीएस डेंटल कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

Hint Media Saturday, 27 November 2021, 1:21 pm No Comments

इम्पोर्टेन्स आफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स इन डेंटिस्ट्री विषय पर दी गई जानकारी

गाजियाबाद। मुरादनगर स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में इम्पोर्टेन्स आफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स इन डेंटिस्ट्री विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। पीडीऐट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में वक्ताओं ने विस्तार से जानकारी दी।

कार्यशाला का शुभारंभ वक्ताओं के द्वारा पेटेंट रजिस्ट्रेशन और इसकी प्रक्रिया के बारे में ज्ञानवर्धक लेक्चर की श्रृंखला के साथ हुई। प्रसिद्ध वक्ता पूर्व प्रमुख, नेशनल रिसर्च डेवलपमेंट कारपोरेशन, नई दिल्ली के गोविंद शर्मा, रजिस्टर्ड पेटेंट एजेंट, गर्वनमेंट आॅफ इंडिया, फाउंडर एंड डायरेक्टर, इंनोव इंटेलेक्चुअल एलएलपी पूजा कुमार एवं हैंडलिंग प्रोजेक्ट रिलेटेड टू पेटेंट फिलिंग सौम्या कौशिक थे।

पेटेंट रजिस्ट्रेशन और इसकी प्रक्रिया के बारे में सभी प्रतिभागियों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी गयी। वक्ता गोविंद शर्मा ने आईपीआर और टैक्नोलॉजी ट्रांसफर विषय पर लेक्चर प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने सभी को इस विषय से संबन्धित जानकारी दी। इसके साथ पूजा कुमार ने भारत में फाइलिंग प्रक्रिया जैसी विषय पर ज्ञानवर्धक लेक्चर दिया जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे हम भारत में पेटेंट करने के लिये फाइलिंग कर सकते है। सोम्या कौशिक ने पेटेंट के लिये प्रक्रियाओं की खोज और प्रारूपण के बारे में जानकारी दी।

कार्यशाला में आईटीएस डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर-पीजी, डॉ. श्रीनाथ ठाकुर, प्रधानाचार्य डॉ. देवी चरण शेट्टी, सभी फैकल्टी, एमडीएस एवं बीडीएस इंर्टन्स विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला के वक्ताओं ने एमडीएस तथा दंत चिकित्सकों के लिए इस तरह के जानकारीपूर्ण और ज्ञानवर्धक मंच के आयोजन के लिए आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।